As far as the welfare committee of the Bar is concerned, a separate committee should be constituted as in many western countries which will take care of the financial, physiological, and health needs of the junior advocates. Some financial assistance should be given from the Bar Council to the junior advocates in need. The inefficient legal system should be taken care of. As per the data provided by the National Judicial Data Grid, 21 lakh civil cases and 61 criminal cases are pending in the courts of India. A junior advocate will lose faith of the client when the case is prolonged for many years. This has nothing to do with the efficiency of the advocate but it is the fault of the legal system. We talk about ethics of doctors, politicians, students, and professors but nobody talks about the ethics of judges in India. Can we make laws to fix a timeframe for disposal of litigation?

Enrolment fee by State Bar Councils lacks uniformity. For example, it is Rs. 750 in one State Bar Council and it is Rs. 15000 in Delhi State Bar Council. This is against Section 24(1)(f) of the Advocates Act of 1961 and violates the right to equality under Article 14. I request the hon. Minister of Law to take necessary steps in this regard. Sir, likewise, the budgetary allocation should be increased and low ratio of Judges to population should be taken care of.

Sir, at the end, I would like to mention about YSR Law Nestham. The Government of Andhra Pradesh under the able leadership of hon. Chief Minister Shri Y.S. Jagan Mohan Reddy is providing a monthly stipend of Rs. 5000 to all junior advocates since December 2019. As usual, our beloved leader is a trend setter of many novel welfare schemes in India. I request the hon. Minister to start a similar scheme on all-India basis.

To conclude, Sir, the Advocates (Amendment) Bill, which seeks to reform the legal system in India, needs effective implementation.

With these words, I support the Bill.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you very much, Mr. Chairman Sir, for affording me this opportunity to take part in the discussion on the Advocates (Amendment) Bill, 2023. Though it is a small Bill, it is very important as far as the advocates community is concerned.

Sir, most of the hon. Members, especially Shri Jagdambika Pal ji, made eloquent speeches praising the hon. Prime Minister where they said that under the leadership of the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi ji, wonderful things have been done by means of this legislation. I cannot understand what the spirit is and what the contents of this legislation are. Also, I am not sure about what Mr. Jagdambika Pal ji has imagined or assessed about this legislation. It is because this is a legislation which is already in existence. The only thing that the Government is doing is to repeal an obsolete law. Other than that, nothing is new in this Bill. Jagdambika Pal ji, everything is a colonial legislation. This itself is a colonial legislation. You are taking a portion of Section 36 of a colonial legislation and incorporating it in the Advocates Act. There is nothing new. No revolutionary thing is done by the hon. Prime Minister in having this legislation. Unfortunately, you are unnecessarily praising everything. The Act of 1961 is there. The Act of 1879 is also there. So, you have to understand that you took a portion of the 1879 Act and incorporated it in the 1961 Act. You are only repealing an obsolete law of 1879. That is the only thing which is happening. This is the way by which exaggeration is going on in this House regarding so many things which are being done by this Government.

Sir, I fully support this Bill but I would like to seek some clarifications from the hon. Law Minister. Number one, the Statement of Objects and Reasons in the Bill is not so specific. You are mentioning that it is only to repeal the obsolete law. But at the same time, you are incorporating some provision in that. Section 36 of the 1879 Act is being incorporated in the Advocates Act of 1961. As you are incorporating a new provision, that should also come in the Statement of Objects and Reasons. That is a simple observation as far as the Statement of Objects and Reasons is concerned.

Another point on which I would like to seek clarification from the hon. Law Minister is this. The Legal Practitioners Act 1879 was in existence. In order to replace the Legal Practitioners Act 1879, in the year 1961, a new Act, that is, the Advocates Act 1961 was made. But unfortunately, except Sections 1, 3 and 13, all other Sections were repealed. These Sections were there in the original Act of 1879. My question is this. In the year 1961, why did the then Legislature, the then Parliament avoid this provision of Section 36 from the 1961 Act? To my understanding, to my knowledge, it is because this has nothing to do with the advocates. Section 36 of the 1879 Act is relating to the touts. The Advocates Act is a law consolidating the rules and regulations relating to the advocate profession. The touts have nothing to do with that profession. That might be the reason due to which Section 36 was not incorporated in the Advocates Act 1961. So, I would like to seek the clarification or the justification from the hon. Minister that how the law relating to touts will come within the purview of the Advocates Act 1961. I am seeking that clarification from the hon. Law Minister. This is the point on which I would like to discuss as far as the contents of the Bill is concerned. Otherwise, the Bill is absolutely okay. We fully agree with the Bill because obsolete laws have to be repealed from the statute book. But the only clarification that I am seeking is this. How will the law of touts be relating to the law of advocates?

There are one or two other points to which I would like to draw the attention of the hon. Law Minister. Nowadays, in most of the legislations which are coming for enactment, advocates are being omitted or the role of the advocates is being limited by means of the legislation. The Government has to take care of that because nowadays, strict legal interpretation is very difficult. Even the Chief Justice of the hon. Supreme Court has already observed that it is very difficult to understand and interpret the verbatim or the legal drafting of the laws made by the Parliament.

At the same time, most of the times, we are trying to limit the role of the advocates in the legal proceedings and thereby so many authorities have been formed. In almost all the authorities I am not going to cite the examples the role of the advocates is being limited. That has to be looked into. That is one of the issues which I would like to highlight.

Most of the Members have spoken about it. The previous speaker also spoke about it. This is regarding the Advocates Act. We know that the Advocates Act is meant for regulating the profession along with the Bar Council which is also a part and parcel of this Act. So, we have to keep in mind the welfare of the advocates also. We know about the medical profession. In the medical profession and in almost all the other professions, like the internship allowance, so many other allowances are there. As far as the junior advocates are concerned, in Kerala, we have a phrase that there are four stages in the profession of an advocate. The first stage is the raw junior. There is no case and there is no fee. The second stage is, there is case but there is no fee. The third stage is, there is case as well as fee. And, the fourth stage is the super senior stage where there is no case but fee is there. These are the four stages of an advocate in the local language we are saying.

So, what is my point is that the junior advocates have to be protected by providing some internship or stipend allowance of not less than Rs.25,000 for pursuing their profession. Something has to be done because in house surgency internship and so many other things, we are providing such types of allowances. After PG degree medical examination, we are providing all these amenities. Similarly, the junior advocates have to be protected so that they will maintain the profession in a proper way.

In so many executive posts, the law degree has to be made compulsory. My suggestion is, as far as the Station House Officer is concerned, a Station House Officer has to be well aware of the law, especially the Criminal Procedure Code, the Indian Penal Code and the civil law. They have to be well versed in the law. But unfortunately, in most of the stations we know very well that the SHOs are not fully aware of this. So, as far as the SHOs are concerned, the minimum qualification of a Station House Officer should be that

they should have a legal degree, that is, an LLB degree. That should be made compulsory for all such types of executive posts.

The last point which I would like to highlight is this. As far as the medical profession is concerned, you know we have made the proposal for protecting them. A law is there. Sir, 22 State Legislative Assemblies have made laws for protecting them by providing safety and security to the medical professionals. The same thing is not happening in the case of advocates. They require protection from the police forces. In my State, Kerala, in Trivandrum and in Kollam Bars, and in the High Court also, so many conflicts have taken place because police is brutally attacking the advocates. The police is interfering in the advocacy profession, and no protection is being provided to them. In such a way, we have to think of giving safety and security in the discharge of their profession as an advocate, especially from the police forces. Now a series of incidents of violence are happening in various parts of the country. That has to be dealt with. For this also, the Government has to think of formulating some legislation so as to protect the interest, safety and security of the advocates in the discharge of their functions as a legal professional or an advocate.

With these suggestions and with these clarifications, I would like to support this Bill once again. Thank you very much, Sir.

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, taking advantage of this discussion today, I am goaded to participate in this Bill under the nomenclature, the Advocates (Amendment) Bill, 2023.

Already, several Members have participated and made their valuable suggestions on this particular legislation.

17.19 hrs (Shri N.K. Premachandran *in the Chair*)

The issue is that the legal profession has already undergone a long evolutionary process in our country. The legal profession has been in existence since the ancient times. Then, the Head of the Groups or the Tribes delivered justice under the open sky before all the members. There was no specialist like a lawyer during those days. When the kingship was established, the king delivered justice with the help of his Religious Head and wise courtiers.

During the British period, the model legal system was developed in India. The Indian High Courts Act, 1861 passed by the British Parliament enabled the Crown to establish High Courts in India by Letters Patent, and these Letters Patent authorised and empowered the High Courts to make rules for enrolment of Advocates and Attorneys. The All India Bar Committee was constituted under the chairmanship of Justice S.R. Das. The Committee recommended the establishment of an All-India Bar Council and State Bar Councils.

Sir, we must acknowledge the fact that the legal profession is an important limb of the machinery for the administration of justice. Without having a well-organized profession of law, the courts would not be in a position to administer justice effectively. Also, the judiciary still is being treated as the last resort of the affected people across the nation. Sometime I feel that common people are losing their reliance upon Legislature, upon Executive and gradually they are going to resort to the judiciary in order to address or redress their grievances and their problems. So, the legislation should ponder over this growing phenomenon insofar as our legal mechanism is concerned.

Sir, the issue is that the Government is intending to bring in this legislation with an intention which has been depicted by the Government in this Bill that the Government of India in consultation with the Bar Council of India has decided to repeal the Legal Practitioners Act, 1879, and to amend the Advocates Act, 1961 by incorporating the provision of Section 36 of the Legal Practitioners Act, 1879 in the Advocates Act, 1961 so as to reduce the number of superfluous enactments in the statute book. Therefore, according to the core contents of the legislative document, we did not have any substantial argument to oppose this Bill. But certainly, we must say that still the legal professional mechanism should be more streamlined, should be more strengthened. Sometimes, in our own experiences we are facing various kinds of hassles and intricacies in order to execute our political activities.

जब सियासत के चलते, राजनीति के चलते कोर्ट के दर्शन करने पड़ते हैं तो पता चलता है कि कोर्ट के अंदर का लफड़ा क्या है, कोर्ट के अंदर की समस्याएं कितनी हैं । कोर्ट में जब हम जैसे लोग, जो बाहर से किसी केस में इम्प्लिकेट

होकर कोर्ट में जाते हैं तो वकील और कोर्ट के दलाल हमें मुर्गा समझते हुए जितना हो सके, नोचने की कोशिश करते हैं । यह बिल्कुल सच है । लोग कहते हैं कि अगर शेर ने आप पर हमला किया तो 12 या 13 चोट लग सकती हैं, लेकिन अगर कोर्ट और पुलिस ने हमला किया तो आपको 18 से ज्यादा चोट लग सकती हैं । इसी के चलते हम अपने कानून मंत्री को यह सलाह देना चाहते हैं कि आप गरीबों की बात सोचते हुए, आम जनता की बात सोचते हुए इस लीगल एड प्रोसेस को और मजबूत कीजिए । Legal aid for poor and vulnerable people should be strengthened in a manner that the entire process could be helpful for them. That is why I thought it prudent to at least put forward some of the views of the common people. वकीलों के ये सारे मुद्दे हमारी कानून व्यवस्था से जुड़े हुए हैं, इनमें और सुधार लाना जरूरी है । वकीलों, टाउटों और बीच में यहां पर ज्यूडिशियरी के बारे में कोई टिप्पणी की गई थी तो मुझे लगता है कि इस तरीके की टिप्पणी करते समय हमें और सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि ज्यूडिशियरी, एग्जिक्यूटिव और लेजिस्लेचर ये हमारे संविधान में चेक एंड बैलेंस के हिसाब से देखते हैं । ज्यूडिशयरी कॉन्स्टीट्यूशन का इंटरप्रिटेशन करती है तो ज्यूडिशियरी पर पूरा भरोसा रखते हुए हम सबको इस तरीके के कानून बनाने चाहिए कि ज्यूडिशियरी हम पर हस्तक्षेप न कर पाए ।

अगर हम इस तरह का चुस्त-दुरुस्त कानून बनाने में सक्षम रहे तो चेक एंड बैलेंस मैकेनिज्म, चेकमेटिंग मैकेनिज्म पर यह और ज्यादा असरदार होगा । यह जो विधेयक लाया गया है, इसका समर्थन करते हुए मैं माननीय मंत्री जी को यह कहना चाहता हूँ कि गरीब लोगों के लिए लीगल प्रोसेस को, लीगल मैकेनिज्म को और ज्यादा चुस्त दुरुस्त कीजिए । यह सलाह देते हुए मैं अपने वक्तव्य को विराम देता हूँ और इस बिल का समर्थन करता हूँ ।

*m20 श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील (औरंगाबाद): सभापति महोदय, यह जो बिल लाया गया है, इसमें सरकार की नीयत साफ है, लेकिन बिल अधूरा है । इस वजह से अधूरा है, क्योंकि इसमें जो टाउट की डेफिनेशन दी गई है, उसके अंतर्गत इस बिल के अंदर टाउट का मतलब है कि persons who procure clients for a legal practitioner in return of money. टाउट्स का मतलब दलाल हो सकता है, बिचौलिया हो सकता है या मिडिलमेन हो सकता है । इस बिल में इन दलालों को, इन टाउट्स को पेनेलाइज और पनिश करने के लिए अमेंडमेंट लाया गया है ।

सभापति महोदय, मैं यह पूछना चाहता हूँ कि क्या हम सिर्फ इस बिल के जरिए ये जो दलाल हैं, टाउट्स हैं, उनके ऊपर ही एक्शन ले रहे हैं या वे दलाल किसके लिए काम कर रहे हैं, क्या उसके ऊपर सवाल नहीं उठने चाहिए? क्या वह दलाल सिर्फ अपने क्लाइंट्स से पैसे खींचने वाला है? जिस एडवोकेट के लिए वह पैसे लेकर जा रहा है, उस एडवोकेट पर कोई एक्शन नहीं होना चाहिए? इस बिल के अंदर इसके बारे में भी जवाब होना बहुत जरूरी है ।

सभापति महोदय, यकीनन यहां पर आज जो डेफिनेशन दी गई है कि ये टाउट्स कहां पर मिलते हैं तो आपने बताया है कि they frequent places such as precincts of civil or criminal courts. सिविल या क्रिमिनल कोर्ट के अतराफ़ में ये दलाल होते हैं । ये रेवेन्यू ऑफिसेज़ के अंदर होते हैं । ये रेलवे स्टेशन पर होते हैं और ये ग्राहकों की तलाश करते हैं ।

सभापति महोदय, यह बहुत गलत है । ये टाउट्स आज हर गवर्नमेंट ऑफिस के अंदर आपको मिलेंगे और बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि जहां कानून बनाए जाते हैं, शायद उसके अतराफ़ में भी ये टाउट्स आपको मिलते होंगे । क्या आज पुलिस डिपार्टमेंट के अंदर टाउट्स नहीं हैं? अगर किसी को बेल लेनी है और यदि पुलिस वाला यह कहेगा कि मैं बेल का अपोज़ नहीं करने वाला हूँ तो यह भी एक टाउट है । गवर्नमेंट ऑफिसेज़ के अंदर अधिकारी भी टाउट का रोल अदा कर रहे हैं, यह भी एक सच्चाई है । इसलिए ऐसे लोगों के ऊपर आप एक ऐसा कानून लेकर आ रहे हैं, चूँकि आज देशभर के जितने भी टाउट्स हैं, वे खुश होंगे, क्योंकि इसके पनिशमेंट के पैसे महज 500 रुपये हैं । मंत्री जी, इस सरकार ने 500 रुपये की कीमत 50 रुपये के बराबर लाकर रख दी है । आप दलालों को कह रहे हैं कि अगर आप पकड़े गए तो हम आपको 500 रुपये फाइन करेंगे । अगर आप दोबारा पकड़े गए तो तीन महीने की सजा मिलेगी ।

सभापति महोदय, मैं आपसे यह कहना चाहता हूँ कि ये दलाल किस लेवल पर काम करते हैं, कैसे गरीबों को लूटा जाता है? यकीनन इस पर फाइन बढ़ाने की जरूरत है । सभापति महोदय, मैं आपके जरिए मंत्री साहब से यह कहना चाहता हूँ कि आज से तीन साल पहले जब कोरोना आया था तो मेरे चुनावी क्षेत्र में छोटी-छोटी दुकान वाले, जो छुपकर अपना कारोबार कर रहे थे, उन पर प्रशासन ने एक लाख रुपये, दो लाख रुपये, तीन लाख रुपये का फाइन किया । जब मैंने उसमें हस्तक्षेप किया, लेबर कमीश्नर के सामने जाकर बैठा, आंदोलन किया तो तीन लाख रुपये का फाइन तीन हजार रुपये का हो गया । उन लोगों को राहत मिल गई, लेकिन मंत्री साहब मेरे ऊपर एक केस रजिस्टर किया गया कि मैं सरकारी काम में हस्तक्षेप कर रहा हूँ । जब मैं पिछले दो सालों से अदालत के चक्कर काट रहा हूँ तो मुझे यह अहसास होता है कि आज इस देश की अदालतों के अंदर अगर लाखों केसेस पेंडिंग हैं तो ऐसे केसेज पेंडिंग हैं । एक घंटे के अंदर यह केस अदालत के अंदर जाना ही नहीं चाहिए, लेकिन अधिकारी के अहंकार को मैंने ठेस पहुंचाई थी तो केस रजिस्टर किया गया । आज दो साल से मैं अदालत के चक्कर काट रहा हूँ ।

सभापति महोदय, मैं आपकी इस बात से सहमत हूँ कि आप कह रहे हैं कि लॉयर्स का प्रोफेशन बहुत अच्छा है, बहुत मजबूत प्रोफेशन है, लेकिन जब यंग लॉयर्स आते हैं, एडवोकेट्स आते हैं तो उन्हें स्टाइपेंड मिलना चाहिए और इनके लिए भी मदद होनी चाहिए ।

सभापति महोदय, मैं लॉयर नहीं हूं । मंत्री साहब, मैं लॉयर नहीं हूं और न ही मेरे पास लॉ की डिग्री है, लेकिन मैंने पिछले दो सालों से बेंच ऑफ हाई कोर्ट, औरंगाबाद के अंदर एक पीआईएल फाइल की है । (व्यवधान) मैं सिर्फ आधा मिनट बोलना चाहता हूं ।

मैंने मेडिकल सर्विसेज को इंप्रूव करने के लिए एक जनहित याचिका फाइल की है । मैं बेंच ऑफ हाई कोर्ट, औरंगाबाद को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने सिर्फ मुझे सुन कर ऐसे फैसले दिए हैं । मैंने वहां पर दो सालों से वकील नहीं लगाया है । अदालत ने मुझसे कहा कि आप वकील क्यों नहीं लगा रहे हैं, तो मैंने कहा कि वकील कानूनी भाषा बोलेंगे । मैं दिल से बताना चाहता हूं कि हमारी मेडिकल सर्विसेज को कैसे इंप्रूव करना चाहिए । यह प्रोफेशन बहुत अच्छा है, बशर्ते इसके अंदर से दलाल, बिचौलिए और टाउट्स को हटाया जाना चाहिए । यकीनन, आप इस बिल को लेकर आइए, हम इसका समर्थन करते हैं, लेकिन इस पर एक कॉम्प्रिहेंसिव बिल लाने की जरूरत है । हम इसका समर्थन करते हैं । धन्यवाद ।

*m21 श्री गिरिधारी यादव (बांका): सभापति महोदय, सरकार के द्वारा अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023 लाया गया है, यह अच्छी बात है । यह समग्र रूप में लाया जाना चाहिए । यह बिल पार्ट में है । यदि यह बिल समग्र रूप में आता, पूरा आता, तो और अच्छा होता । आपने सिर्फ कहा है कि इसमें से टाउट को हटा देते हैं । यह अच्छी बात है । इसको हटा दीजिए । वकीलों की जो स्थिति वकालतखाने में है, उनके बैठने-रहने की जो व्यवस्था है, आप उनके बाथरूम्स को देखेंगे, तो पाएंगे कि वे सबसे खराब हालत में हैं । जो नए वकील ज्वाइन करते हैं, उनकी क्या स्थिति है? वे बीमार पड़ जाते हैं, तो उनके इलाज का कोई इंतेजाम नहीं है । आप पूरा बिल लाइए । जो जूनियर वकील, नए वकील ज्वाइन कर रहे हैं, इसमें बहुत सारा अंतर है । इस देश के सीनियर वकील के पास पैसा रखने की जगह नहीं है, लेकिन इस देश के जूनियर वकील को खाने का ठिकाना नहीं है । इन बातों पर ध्यान क्यों नहीं दिया जाता है?

मैं फीस के बारे में कहना चाहता हूं । कौन-सा वकील फीस क्या रखेगा? इस देश की गरीब जनता न्यायालयों में जाती है । वहां कोई रेट तय नहीं है । रेट जो उनके मन में आया, कोई कहता है कि हम 20 हजार रुपए लेंगे, कोई कहता है कि हम 30 हजार रुपए लेंगे, कोई कहता है कि हम एक लाख रुपए लेंगे, कोई कहता है कि हम इसका ठेका ले लेंगे । जब आप कोर्ट में जाएंगे, केस लड़ेंगे, गरीबों से बात करेंगे तो आपको पता लगेगा कि इस देश में न्यायालयों की क्या हालत है । आप अच्छा बिल लाये हैं । आप दलाल को हटाइए । दलालों को हटाया भी जाना चाहिए । हम लोग भी चाहते हैं कि वहां दलाल न हों । दलाल न्यायपालिका के अंदर भी हैं । यह आपको देखना पड़ेगा । जो जज और वकील के बीच कहीं-कहीं कोई कनाइवेंस है, आप उसको भी खत्म करें । उनके मुंशी के पास लाइसेंस है । आप उनको कैसे हटा देंगे? वहां बाहर से कोई नहीं आता है । वहीं जो वकील के मुंशी हैं और लोग हैं, उसको क्या करिएगा? आप किसी को दलाल कहिएगा तो उसे मुंशी अपना वकील बना लेगा, तो आप और हम क्या कर लेंगे? अब वह प्रैक्टिकल नहीं है ।

आप इस देश में बिल एसी चैम्बर में बनाते हैं । जिसने आपका बिल बनाया है, क्या उन्होंने कोर्ट में जाकर किसी गरीब से बात की है? जो जेल में है, उससे बात की है? बिना दलाल के काम कैसे होगा? मान लीजिए कि जेल में मेरा एक आदमी है । उसके घर में कोई नहीं है । उसको छुड़ाने के लिए कोई आदमी गया । आप उसको दलाल बना कर जेल में डाल दीजिएगा, तो उसे कौन छुड़ाएगा? उसके कुछ लोग दिल्ली-कोलकाता में हैं । आप कॉम्प्रिहेंसिव बिल लाइए । आप पूरा बिल लाइए । आप उनको मदद दीजिए । जिसके परिवार में एक आदमी जेल गया, उसके घर में कोई महिला है, तो वह कैसे कोर्ट जाएगी? जेल में टिप्पा लेना है, तो जेल में टिप्पा लेने कौन जाएगा? आपको पता ही नहीं है कि जब जेल में उसका टिप्पा लेगा, तब वकालतनामा फाइल होगा । इस देश में वकालत का जो पेशा है, उसमें बड़ा पैसा है । वकील लोग देश में क्रांति लाते हैं । चाहे जार के खिलाफ क्रांति हुई हो या फ्रेंच रेवोल्यूशन हुआ हो, सभी में वकीलों का योगदान है ।

देश में जितने बड़े आजादी के नेता थे, चाहे वे नेहरू जी हों या गांधी जी हों, वे सारे पेशे से वकील थे । उन लोगों का कैरेक्टर था, उन लोगों ने देश में अपना योगदान दिया है । इसलिए अब जो स्थिति बन रही है, इस स्थिति में सरकार अच्छा काम कर रही है । इसको और अच्छे तरीके से करिए । आप सभी पक्षों को सुनिए और रखिए । आप एक कॉम्प्रिहेंसिव बिल लाइए । आप यह बिल पास करिए, लेकिन गरीबों की जो हालत है, जो वर्षों से केस में फंसे हुए हैं । हमारे यहां एक पटना, हाई कोर्ट है । वहां की आबादी 12 करोड़ है । आप वहां एक दूसरा हाई कोर्ट नहीं दे रहे हैं । आप छोटे-छोटे राज्यों को दो हाई कोर्ट्स दे रहे हैं । आप मध्य प्रदेश में तीन हाई कोर्ट्स दे रहे हैं । हमें मध्य प्रदेश के हाई कोर्ट्स से आपत्ति नहीं है । आप बिहार में क्यों नहीं एक बेंच बनाते हैं? आपको बिहार से सख्त नफरत है । बिहार ने 39 सीट्स दी, पहले 31 सीट्स दी, लेकिन भारत की सरकार बिहार के साथ नाइंसाफी कर रही है । इसको बिहार की जनता देख रही है । आप वहां यह क्यों नहीं बनाना चाहते हैं? आप आबादी के अनुसार यह बनाइए । हम लोग वर्षों से जेल में पड़े रहते हैं । एंटीसिपेटरी बेल फाइल करते हैं, तो छ: महीने में आता है । हम बेल फाइल करते हैं, तो पांच महीने में आता है । जजों की संख्या नहीं है । हम चाहते हैं कि आप एक ऐसा बिल लाइए कि आबादी के अनुकूल हमारे राज्यों में भी बेल हो । हमारे राज्यों में भी हाई कोर्ट का बेंच बने । आप यह नहीं बनाते हैं । क्योंकि आपको हमारे राज्य से केवल वोट लेना है, जात-पात करना है, हिन्दू-मुस्लिम करना है, आपको वोट मिल जाएगा । आप यहां आकर केवल महाराष्ट्र और गुजरात का विकास करिएगा । (व्यवधान) आपके हल्ले से हमें कोई चिंता नहीं है । (व्यवधान) आपके हल्ले से मुझ पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है । (व्यवधान) आपको बिहार की जनता बतायेगी । आने वाले चुनाव में आपका बिहार में क्या हश्र होगा, ये सब इन बातों को जानते हैं । (व्यवधान) आप समय से बिल नहीं लाते हैं । आप

हम लोगों के साथ एकदम नाइंसाफी करते हैं । इसलिए हम चाहते हैं कि बिहार के साथ न्याय हो और बिहार में हाई कोर्ट की एक बेंच खोली जाए ।

इन्हीं बातों के साथ, मैं बिल का समर्थन करता हूं और अपनी बात को समाप्त करता हूं ।

*m22 SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAGH): Thank you Sir for giving me an opportunity to speak on this Bill. This Bill has been listed for business so many times, yet it never came up for discussion. इस सरकार में सिर्फ तारीख पर तारीख आती गई, लेकिन कोई बात नहीं, देर आए दुरुस्त आए ।

The Government has brought this Bill with a very noble objective, but it is a decade late. The 249 th Law Commission Report that made the recommendation of repealing the Legal Practitioners Act, 1879 was laid in October, 2014. Hence, it took this Government 10 years to adopt these recommendations. This Bill should have been brought much earlier. Even when the Government has adopted the recommendations, they have done it in a half-hearted manner. Though the learned Advocate and my senior Member, Kalyan da has already spoken from my Party, I would like to make some suggestions.

Firstly, the Government should have at least come out with some sort of awareness campaign about the practice of tout and it being illegal. Unfortunately, a common man who has a legal case to fight may not be able to identify a tout altogether and end-up paying hefty fees to him. क्योंकि उसको यह लगता है कि अगर इसके पास जाएंगे तो शायद मुझे जल्द से जल्द इंसाफ मिल जाएगा । इस चीज पर एक क्लेरिटी होनी चाहिए ।

Secondly, the Government usually advocates to go digital. यह गवर्नमेंट हमेशा कहती है डिजिटल इंडिया, सब कुछ डिजिटल है । But what happened in this scenario? Why could the Government not make a single database where all courts could upload their tout lists? कोर्ट्स में टाउट लिस्ट को अपलोड कर देना चाहिए था । This would have helped to mitigate this practice at a larger level and would limit this practice at scale.

Thirdly, I beg this Government to make the judicial system more accessible and more inclusive. I am sure that the entire House would like to see a more robust and equitable justice system. The legal fees taken throughout the country is unregulated. On the one hand, there are a few lawyers who charge a very high amount of fees up to Rs. 50 lakh for a hearing whereas, on the other hand, the Members of the Legal Aid Cell are paid a marginal fees. In fact, the *per capita* spending by the Government on legal aid is one of the lowest in the world at just 75 paise. This is extremely concerning, and I would urge the Government to make the system more equitable for all of us.

As policy-makers, it is our responsibility to ensure that all the wheels of justice turn smoothly and fairly. Thank you, Sir.

*m23 श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): महोदय, आपने मुझे द एडवोकेट्स (अमेंडमेंट) बिल, 2023 पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूं । मंत्री जी, सदन में यह बिल लाए हैं । It is a very small change. मंत्री महोदय इस सदन में बिल लाए हैं । Every single Member of the House has supported this Bill. सर, बहुत साधारण सा यह बिल है और यह चेंजेज बहुत सालों से अपेक्षित था । एडवोकेट्स जो अपने जिलों में काम करते हैं, वे हमसे बात करते हैं और उनसे हमारी डिस्कशन होती है । मेरे क्षेत्र में एक ट्राइबल क्षेत्र पड़ता है । मेलघाट से जब एक-आध किसान आता है या एक्सीडेंटल केस होता है या फॉरेस्ट के साथ फार्मर्स की लैंड से संबंधित कोई केस होता है या आपसी फैमिली की प्रॉब्लम्स में वह किसान प्लेन पट्टे पर आकर कोर्ट में जाता है, कोर्ट में जाने के बाद, चूंकि वह इतना अनएजुकेटेड है कि उसे हर चीज समझाना बहुत मुश्किल होता है । तब उनके ट्रैपिंग का मामला आता है, उसमें कोर्ट के गेट पर पहुंचते ही उसे ट्रैप कर लेते हैं । किसान के जो लैंड के केसेज होते हैं, जो एक्सीडेंटल केसेज होते हैं, तीसरी पीढ़ी आने तक वे सॉल्व नहीं होते हैं । उसके केस का निर्णय जब लगेगा तब लगेगा, लेकिन इसके कारण उनके पास जो एकाध एकड़ जमीन रहती है, उसे भी बेचने की बारी आ जाती है । तब तक उसका कोई निर्णय नहीं लगता है और उसको तारीख पर तारीख दिलाने वाला जो मेडिएटर या दलाल गेट पर बैठा रहता है, वह उनको जाते ही ट्रैप कर लेता है । उसे हटाने का जो यह बिल लाया गया है, वह द बेस्ट है । जब एक नया एडवोकेट कोर्ट में आता है, तो उसे सोशल सम्पर्क बनाने में दो-ढ़ाई साल का समय लग जाता है । एडवोकेट्स को जितने पैसे जाते हैं, उससे भी ज्यादा बिचौलिए उनसे ले लेते हैं । इसमें गरीब, आदिवासी परिवार के लोग जो अपना केस लेकर जाते हैं, किसान के जो पानधान रास्ते होते हैं, मराठी में पानधान कहते हैं, मुझे लगता है कि उसे पगड़ी रास्ता भी कहते हैं । उस रास्ते पर जो वाद होते हैं, वे सालों तक चलते हैं । इसमें किसान की खेती बिक जाती है, लेकिन बिचौलिया निर्णय नहीं लगने देता है । इसे हटाकर डायरेक्ट्ली, जिसकी गरीब वर्ग को ज्यादा आवश्यकता है, ऐसे किसानों को, ट्राइबल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को इससे बहुत फायदा होगा ।

सर, एक और प्रॉब्लम देखी गई है । जब हमने सभी एडवोकेट्स से बात की and asked as to what the problems were that they find when these poor and needy people come to them. They said that they cannot help them in

any which way. I asked them why they cannot help them. तो उन्होंने साफ कहा कि अगर हमारी मंशा भी रहती है, यदि कोई गरीब महिला अपनी फैमिली का कोई इश्यू लेकर कोर्ट में आती है या एक्सीडेंट में किसी का हसबेंड गुजर जाता है, तो उनको इंश्योरेंस के पैसे मिलने चाहिए । उसके लिए यदि डायरेक्ट मदद करनी है, लेकिन बिचौलिया पहले ही आकर बोल देता है कि एडवोकेट साहब इनकी मदद नहीं करनी है । आप जो अपने पैसे चार्ज करते हैं, आप उससे बढ़ाकर चार्ज करना । उदाहरण के लिए, यदि उसमें 50 रुपए मेरे हैं, तो आपको डेढ़ सौ रुपए चार्ज करने हैं । उससे कम चार्ज नहीं करना है । So, the advocate also becomes helpless. पीड़ित परिवार के साथ बिचौलिया इतना फैमिलियर हो जाता है कि अगर एक्सीडेंट में हसबेंड गुजर जाता है या कोई डिवोर्स का केस चलता है, तो वह इतना फैमिलियर हो जाता है कि जब फीमेल पर्सन के पास देने के लिए पैसे नहीं रहते हैं, तो वह बिचौलिया उसका मिसयूज करता है । इसलिए यह अमेंडमेंट लाकर, मुझे लगता है कि ऐसे परिवारों, किसानों और जरूरतमंद लोगों की, जिनके केसेज कोर्ट में चल रहे हैं, उनकी मदद होगी । ऐसे बिचौलियों के कारण डायरेक्ट्ली गरीब लोगों को बहुत नुकसान होता है । इसलिए इस बिल को लाकर मंत्री महोदय ऐसे लोगों को डायरेक्ट्ली फायदा पहुंचा रहे हैं । मैं इसके लिए आपका दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूँ । We support this Bill.

*m24 श्री संतोष पान्डेय (राजनंदगाँव): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ ।

अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023 अधिवक्ता अधिनियम, 1961 में संशोधन करता है । आज जब इस विधेयक पर चर्चा हो रही है, लगभग हम सभी इससे सहमत हैं, तो एक समसामयिक चार लाइनों का कोरस मेरे ध्यान में आता है, जिसे मैं यहाँ कहना चाहूंगा ।

हो गये हैं सब स्वप्न साकार, कैसे मान लें हम,

टल गया सर से व्यथा का भार, कैसे मान लें हम,

वेश-वाणी, तत्व-दर्शन दूसरों का यह सभी ले,

विकृतियों को ग्रहण करते, निज प्रकृति को आज भूले,

दूसरों की यह नकल है, अस्मिता क्या मान लें हम,

इस पराए तंत्र को निज तंत्र कैसे मान लें हम,

देश के भवितव्य को ही अब चुनौती मान लें हम,

हो गये हैं सब स्वप्न साकार, कैसे मान लें हम ।

जितने भी संशोधन, परिवर्तन आदि होते हैं और आज भी जो संशोधन लाया गया है, इस देश में ऐसे कानून, जिसमें परिवर्तन करना है, संशोधन करना है, इस काम का बीड़ा देश के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी की स रकार और हमारे सम्माननीय विधि मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जी ने उठाया है ।

यह विधेयक, जो कानून व्यवसायी अधिनियम, 1879 के तहत दलालों से संबंधित कुछ धाराओं को निरस्त करता है । 1961 का अधिनियम कानून को समेकित करता है । कानूनी व्यवसायियों से संबंधित यह विधेयक बार काउंसिल और अखिल भारतीय बार का गठन करता है । विधेयक की मुख्य विशेषताओं में यह शामिल है । विधेयक में प्रावधान है कि प्रत्येक उच्च न्यायालय, जिला न्यायाधीश, सत्र न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट और राजस्व अधिकारी, जिसमें यह कहा गया है कि जिला कलेक्टर पद से नीचे नहीं है, ऐसे दलालों की सूची बनाकर प्रकाशित कर सकते हैं ।

महोदय, ये जो दलाल हैं, एक ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जो या तो किसी को भुगतान के बदले कानूनी व्यवस्था में कानूनी और व्यवसाय के रोजगार की प्राप्ति का प्रस्ताव करता है ।

महोदय, नागरिक या आपराधिक अदालतों के परिसर जैसे स्थान पर, जैसे राजस्व कार्यालय हैं, हॉस्पिटल्स हैं, रेलवे स्टेशनों और ऐसी जगहों में रोजगार प्राप्त करने, न्यायालयों में न्यायाधीश किसी भी ऐसे व्यक्ति को न्यायालय परिसर से बाहर कर सकता है, जिसका नाम दलालों की सूची में शामिल है ।

महोदय, सूचियां तैयार करना, दलालों की सूची तैयार करने और प्रकाशित करने का अधिकार रखने वाले प्राधिकारी अधिनस्थ अदालतों को कथित या दलाल होने के संदेह वाले व्यक्तियों के आचरण की जांच करने का आदेश दे सकते हैं । एक बार जब ऐसा व्यक्ति दलाल साबित हो जाता है, तो उसका नाम प्राधिकारी द्वारा दलालों की सूची में शामिल किया जा सकता है । किसी भी व्यक्ति को शामिल किए जाने के विरुद्ध और बताने का अवसर प्राप्त किए बिना यानी लांछन से बचाने के लिए ऐसी सूचियों में शामिल नहीं किया जाएगा ।

महोदय, इसमें जुर्माने का भी प्रावधान है, दंड का भी प्रावधान है और इस प्रकार से जो भी व्यक्ति दलाल के रूप में कार्य करता है, जबकि उसका नाम दलालों की सूची में शामिल है, उसे तीन महीने की कैद और 500 रुपए के जुर्माने तक का जो यह प्रावधान है, दंडित करने का जो प्रावधान है, यह वास्तव में बहुत ही उपयुक्त है, बहुत ही सोच-समझकर किया गया प्रावधान है । मैं इस संशोधन विधेयक का समर्थन करता हूं ।

महोदय, पारदर्शी न्याय मिलना चाहिए । जैसा कि कहा गया है, न्याय मिलने के साथ-साथ न्याय मिलते हुए प्रतीत भी होना चाहिए । पवित्रता, सुचिता आवश्यक है । इसके लिए यह जो संशोधन विधेयक लाया गया है, मैं उसके लिए धन्यवाद देता हूं, अभिनंदन करता हूं और इसका समर्थन करता हूं ।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

*m25 श्री अर्जुन राम मेघवाल: चेयरमैन सर, आपने आज यह चर्चा प्रारंभ करने की अनुमति दी थी । यह बिल The Advocates (Amendment) Bill, 2023, as passed by Rajya Sabha है. यह एडवोकेट एक्ट, 1961 है । आपने ठीक कहा, वही बिल है । 3 अगस्त, 2023 को राज्य सभा ने इसको पास किया था । आज यह हाउस लोक सभा इस बिल पर चर्चा भी कर रहा है और मुझे लगता है कि सर्व-सम्मति से यह बिल पास भी होगा, ऐसा मैं मानता हूं ।

सभापति महोदय, इस चर्चा में कई माननीय सदस्यों ने भाग लिया, करीब 21 लोगों ने भाग लिया । श्री कार्ती पी. चिदम्बरम जी से शुरू किया और अभी लास्ट में श्री संतोष पान्डेय जी ने इसमें भाग लिया । आपने भी इस चर्चा में भाग लिया । मैं सबको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं । विषय बहुत छोटा सा था, लेकिन इसमें चर्चा करीब-करीब तीन घंटे से ज्यादा की हो गई ।

चेयरमैन सर, मैं सबसे पहले आपके सब्जेक्ट का ही जवाब देना चाहता हूं, क्योंकि श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी, आपने बहुत टैक्निकल सब्जेक्ट उठाया था । यह 1879 का एक्ट है, यह कोलोनियल एक्ट है और रिपील होना चाहिए । श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है, उसने यह तय किया है कि जो कोलोनियल लॉ है, जिसकी यूटिलिटी नहीं है, जिसका श्री भर्तृहरि महताब साहब जिक्र कर रहे थे, वे समाप्त होने चाहिए । देश में भी इसका स्वागत हुआ । (व्यवधान) अब तक ऐसे 1,486 लॉज़ समाप्त हो चुके हैं । (व्यवधान) अभी कुछ और लॉज़ भी पाइपलाइन में हैं, उनको फिर एक साथ लेकर आएंगे ।

आपका क्वेश्चन था कि क्या सेक्शन 36 आप 1961 में इनकॉरपोरेट कर रहे हो? क्या आप चाहते थे कि 1879 का लॉ एज़-इट-इज़ रहे? हम उसे रिपील कर रहे हैं, लेकिन 1936 का जो यह टाउट वाला सब्जेक्ट है, यह कमेटी को भी ठीक लगा, हमारे डिपार्टमेंट को भी ठीक लगा, लॉ कमीशन ऑफ इंडिया को भी ठीक लगा, बार काउंसिल ऑफ इंडिया को भी ठीक लगा, क्योंकि वकील की ड्रेस में बहुत से लोग ऐसे आते हैं, जो वकील नहीं हैं, उनकी डिग्रियाँ भी फर्जी हैं । वे आकर किसी को ठगते हैं तो उसका क्या प्रावधान हो? यह ऑलरेडी 1879 में प्रावधान था, इसको उठाकर हम 1961 में लाए हैं, छोटा सा अमेंडमेंट था, 45(ए) हमने इन्सर्ट किया । इसका उद्देश्य बिल्कुल पवित्र है । जो कालोनियल लॉ हैं, जिनकी यूटिलिटी नहीं है, उन्हें हम समाप्त करेंगे । 1961 तो हमने, इसी सदन ने पास किया । जो आप कह रहे थे कि टाउट सब्स्टिटूशन है, 1961 में उस समय की सरकारों ने यह सोचा नहीं कि पुराने जो कालोनियल लॉ हैं, उन्हें भी समाप्त करना है । मैं यूपीए के 10 साल का आपको विवरण दूँगा । हमने अभी माननीय नरेन्द्र मोदी जी के आने के बाद 1,486 कानून समाप्त कर दिए हैं । मनमोहन सिंह जी के समय 10 साल आप भी थे, एक भी ऐसा कालोनियल लॉ उन्होंने रद्द नहीं किया । इसका मतलब है कि उनकी सोच ही नहीं थी । हमारे प्रधानमंत्री जी की सोच है कि पंच प्रण, जिसका जगदम्बिका पाल साहब जिक्र कर रहे थे, विकसित भारत मानव केन्द्रित, हमें वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना है । विरासत पर गर्व, यह दूसरा प्रण है । तीसरा प्रण है कि गुलामी के हर चिन्ह से मुक्ति और वही मुक्ति लेने का काम हम लोग कर रहे हैं । एकता और एकजुटता और नागरिकों द्वारा कर्तव्य पालन, ये कुछ विषय पंच प्राण के थे, जिनका मैंने जिक्र किया है । इसमें और बहुत से विषय आए हैं, उनका मैं थोड़ा-थोड़ा जिक्र करूंगा । अभी ए. राजा साहब उपस्थित नहीं हैं, लेकिन इतना नहीं बोलना चाहिए । ठीक है कि यहां प्रिविलेज है, लेकिन करप्शन तो समाज की प्रॉब्लम है । अगर कोई आदमी एग्जीक्यूटिव में है, कोई आदमी जुडीशियरी में है, कोई आदमी प्रेस में है, कोई आदमी लेजिस्लेटिव विंग में है, अगर वह करप्ट है तो वह समाज की प्राब्लम है, उसको दूर करना चाहिए । यह बात ठीक है, लेकिन आप किसी को इंडीकेट करो । उन्होंने कहा कि विजन और ऑब्जेक्ट हमें मिले ही नहीं हैं । यह बिल में ही लगे हुए हैं । उन्होंने या तो इसे पूरा देखा नहीं है । वे पूरे जुडीशियल सिस्टम को ही गड़बड़ बता गये । कल्याण बनर्जी साहब यहां बैठे हैं । इनसे टेलीफोन पर भी मेरी कुछ बात हुई थी । ट्रांसफर ऑफ जजेज़ पर इन्होंने कहा कि इसकी पॉलिसी होनी चाहिए । कांस्टीट्यूशन में ट्रांसफर ऑफ जजेज़, आप सबको पता है कि अपॉइंटमेंट ऑफ जजेज़ 1993 के बाद कॉलेजियम के पास है । ट्रांसफर ऑफ जजेज़ का अभी कॉलेजियम से सिस्टम आता है । आपने कहा कि पिक एंड चूज । कॉलेजियम के सिस्टम पर हम कभी भी बहस कर सकते हैं, इसी हाउस को बहस करनी चाहिए । हम तो नेशनल जुडीशियल अपॉइंटमेंट कमीशन लेकर आए थे । आप भी उस पर बहुत अच्छा बोले थे, लेकिन जुडीशियल रिव्यू की पॉवर सुप्रीम कोर्ट को है । आपका सुझाव बहुत अच्छा है कि ट्रांसफर ऑफ जजेज़ में एक पॉलिसी जरूर होनी चाहिए । हम इसको स्वीकार करते हैं । आपकी बात को, जुडीशियरी या चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से कंसल्ट करके अगर कोई पॉलिसी बनती है तो हम आगे इसमें काम करेंगे । इसमें कोई दिक्कत नहीं है।

भर्तृहरि महताब साहब ने बहुत अच्छा बिंदु रखा कि जिनकी यूटीलिटी नहीं है, वे एक्ट समाप्त हो रहे हैं । 1879 के इस एक्ट की भी यूटीलिटी नहीं थी । टाउट के संबंध में सबने कहा कि अगर कोई ठगी करेगा तो उसका क्या इलाज है, इसलिए हमने इसको इनकोरपोरेट किया है । बाकी अधिकतर बिंदु जो आए हैं, वेलफेयर ऑफ दी एडवोकेट का विषय आया, इंश्योरेंस, लायर्स के चैंबर्स, सिक्योरिटी, ये सारे विषय आये हैं । नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है, चाहे कोई वर्ग हो, कोई प्रोफेशनल सैक्शन हो, सबका साथ, सबका विकास, यह हमारा मूल मंत्र है तो वकील कैसे पीछे छूट जाएंगे । वकील भी पीछे नहीं छूटेंगे । इंश्योरेंस का विषय मैं खुद डील कर रहा हूं । मैंने राज्य सभा में भी कहा है और अभी संविधान दिवस के अवसर पर मैं सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के फंक्शन में गया था, वहां भी मैं कहकर आया हूं कि इंश्योरेंस में अगर आपको कंट्रीब्यूशन देने में कोई दिक्कत है तो आप प्रपोजल लेकर आइए । सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के लोग जल्दी प्रपोजल लेकर आएंगे । हम मिनिस्ट्री ऑफ जस्टिस में या मिनिस्ट्री ऑफ लीगल अफेयर्स में जहां भी जरूरत होगी, भारत सरकार पैसे देने में कोई कंजूसी नहीं करेगी, जो प्रपोजल विजिबल होगा ।

महोदय, हमारे वकील भी इतने ही प्रोफेशनल हैं जितने कि डॉक्टर्स हैं । उनके लिए सिक्योरिटी का कोई विषय आया, तो इनके लिए भी हम जरूर कुछ न कुछ करेंगे । एक विषय यह आया कि टेक्नोलॉजी का उपयोग नहीं हो रहा है । यह बात मुझे समझ नहीं आई क्योंकि दस-बारह साल पहले जब आप कोर्ट परिसर में जाते थे, तो आप किसी न किसी से पूछते थे कि मेरी पेशी कब है । आज वहां टच मशीन लगी हुई है । आप अपना नम्बर डॉयल करें, उसमें नाम लिखें तो पता चल जाएगा कि इस कोर्ट नम्बर में आपकी पेशी है । यह मोदी जी की सरकार है, क्या यह बात आपको समझ नहीं आई? मोदी जी की सरकार में ईज ऑफ लीविंग हमारी प्रायोरिटी है । मुझे सदन को बताते हुए परम हर्ष हो रहा है कि हमारी एक स्कीम ई-कोर्ट चल रही है । इसके लिए 7280 करोड़ रुपये नरेन्द्र मोदी जी ने सैंक्शन किए हैं । सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कमेटी बनी हुई है और जहां-जहां भी विडियो कांफ्रेंसिंग की जरूरत है, जैसे किसी ने कहा कि बैंच नहीं हैं । मलूक नागर साहब चले गए हैं । उन्होंने कहा कि मेरठ में बैंच नहीं हैं । सुप्रीम कोर्ट और हम लोग मिलकर इस दिशा में काम कर रहे हैं कि विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हम दावा पेश करने का, बेल ग्रांट करने की क्या सुविधा उपलब्ध करा सकते हैं । यह बहुत अच्छा कदम है कि अगर किसी वजह से बैंच नहीं बनी, क्योंकि बैंच बनाने के लिए संबंधित हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस का, उसके बाद चीफ मिनिस्टर की कंसेंट चाहिए । कई बार कंसेंट नहीं मिलती है लेकिन हम वीसी के माध्यम से हाई कोर्ट की सुविधा जैसी यदि सुविधा उपलब्ध करा दें तो उसमें दिक्कत क्या है? इस दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

मैंने राज्य सभा में कहा था कि वकील कई तरह के होते हैं । हम यह जो एक्ट लेकर आए हैं, मैं एक बात का जिक्र करना चाहता हूं । महर्षि अरविंद बहुत बड़े संत हुए । इन्होंने डिवाइन लाइफ तथा कई अन्य पुस्तकें लिखीं । अलीपुर बम केस में वे आरोपी थे । किसी ने कहा कि इन्हें सजा होगी और फांसी होगी । एक अखबार में छपा कि शायद मजिस्ट्रेट इन्हें फांसी की सजा देने वाले हैं । श्री चितरंजन दास, जो इनके वकील नहीं थे लेकिन एक प्रसिद्ध वकील थे, जिसका जिक्र जगदम्बिका पाल जी ने भी किया । चितरंजन दास जी अखबार में यह खबर पढ़ कर कोर्ट में पेश हो गए । जज साहब ने पूछा कि क्या आप इनके वकील हैं? उन्होंने कहा कि मैं इनका वकील नहीं हूं लेकिन क्या मैं इनके लिए बहस नहीं कर सकता हूं । जज ने अरविंद घोष जी से पूछा तो उन्होंने कहा कि मैंने कोई वकील नहीं किया है लेकिन फिर भी चितरंजन दास जी ने कहा कि मैं बहस करूंगा । चितरंजन दास जी ने एक बात कही कि जज साहब आप मर जाओगे, मैं मर जाऊंगा लेकिन जो अरविंद घोष का थॉट है, वह हमेशा अमर रहेगा । उन्होंने दो घंटे से ज्यादा बहस की और कोई फीस नहीं ली । हमारे यहां ऐसे भी तो वकील हुए हैं । उस बहस के बाद महर्षि अरविंद को जज ने छोड़ दिया, इक्टिल हुआ । इसके बाद उन्होंने पांडेचेरी में जाकर कितना बड़ा काम किया । ऐसे भी तो वकील हुए हैं ।

सभापति जी, कुछ अच्छे सुझाव आए हैं और उस दिशा में हम काम कर रहे हैं । हमने एक बड़ा काम संविधान दिवस के अवसर पर किया, जिसका जिक्र करके मैं अपनी बात समाप्त करूंगा । संविधान दिवस पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति सुप्रीम कोर्ट में नहीं थी । बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा सुप्रीम कोर्ट परिसर में लगी और उस अवसर पर लगी जब बाबा साहब को वकील के रूप में सौ साल पूरे हुए । मैं सुप्रीम कोर्ट का इस अवसर पर धन्यवाद भी करना चाहता हूं कि मुख्य लॉन के परिसर में यह मूर्ति लगी है और जो बाबा साहब ने कहा था कि कुछ ऐसे गरीब लोग हैं, जिनके मुकदमे फ्री भी लड़ने चाहिए । जब सुप्रीम कोर्ट में उनकी प्रतिमा लग गई है, तो वह भी हमें दिशा दिखाएगी और सही दिशा में देश चल रहा है । यह जो छोटा-सा अमेंडमेंट है, जैसा मैंने कहा कि Advocates (Amendment) Bill, 2023, as passed by Rajya Sabha, इसे आप सर्वसम्मति से पास करें, ऐसी मैं आपसे विनती करते हुए अपना स्थान लेता हूं ।

18.00 hrs

*m26 HON. CHAIRPERSON : It is already 6 oclock. If the House agrees, we will extend the sitting till this Bill is passed.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Sir.

HON. CHAIRPERSON: Now, the Bill will be taken up for consideration and passing.

प्रश्न यह है:

कि अधिवक्ता अधिनियम, 1961 का और संशोधन करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी ।

HON. CHAIRPERSON: Amendment Nos. 3, 6 and 8 to10 to clause 2, Prof. Sougata Ray ji not present.

प्रश्न यह है:

कि खंड 2 विधेयक का अंग बने ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 3 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

(व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी, अब आप प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए ।

(व्यवधान)

*m27 SHRI ARJUN RAM MEGHWAL: Hon. Chairperson, Sir, I beg to move:

That the Bill be passed.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

कि विधेयक पारित किया जाए ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनाक 5 दिसम्बर, 2023 को प्रात: ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

(व्यवधान)

18.02 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Tuesday, December 05, 2023/Agrahayana 14, 1945 (Saka).